भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग**,** नई दिल्ली

30 मार्च **2019**

<u>भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा नारनपुरा (अहमदाबाद, गुजरात) में आयोजित विशाल जन-सभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु</u>

विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक राजनीतिक पार्टी 'भारतीय जनता पार्टी' के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज गुजरात के गांधीनगर लोक सभा क्षेत्र में नामांकन दाखिल किया

****

रोड शो के दौरान पूरा इलाका जनसैलाब और भाजपा के झंडों से पटा रहा। पूरा क्षेत्र 'फिर एक बार, मोदी सरकार' और 'मोदी...मोदी...' के नारों से गुंजायमान रहा। इस दौरान लोगों का उत्साह देखते ही बनता था। इस तरह का नजारा अभूतपूर्व था

****

पूरे कार्यक्रम के दौरान एनडीए के तमाम बड़े नेता, केन्द्रीय मंत्रीगण, गुजरात के मुख्यमंत्री एवं उप-मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे

****

विजय संकल्प रैली, रोड शो और नामांकन में श्री प्रकाश सिंह बादल जी, श्री राजनाथ सिंह जी, श्री अरुण जेटली जी, श्री नितिन गडकरी जी, श्री उद्धव ठाकरे जी, श्री राम विलास पासवान जी, श्री विजयभाई रुपाणी जी और श्री नितिनभाई पटेल जी के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी के कई गणमान्य नेता उपस्थिति रहे

****

आज मुझे आशीर्वाद देने हमारे कई वरिष्ठ नेता यहाँ उपस्थित हुए हैं और उन्होंने मेरे बारे में कई अच्छी बातें कही हैं लेकिन मैं सभी वरिष्ठ नेताओं से निवेदन करते हुए कहना चाहता हूँ कि मेरे पूरे जीवन में से यदि भारतीय जनता पार्टी को निकाल दें, तो केवल और केवल शून्य ही बचता है और कुछ नहीं: अमित शाह

****

अपने जीवन में जो कुछ भी मैंने प्राप्त किया, जो कुछ भी सीखा और जो कुछ भी देश और पार्टी को देने का प्रयास किया, यह सभी भारतीय जनता पार्टी की ही देन है: अमित शाह

****

श्री नरेन्द्र भाई मोदी पुनः भारी बहुमत देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं, यह निश्चित है लेकिन मैं गुजरात की जनता से करबद्ध प्रार्थना करते हुए अपील करता हूँ कि आप राज्य की सभी 26 की 26 सीटें भारतीय जनता पार्टी की झोली में डाल दीजिये और अपने बेटे श्री नरेन्द्र मोदी के हाथ मजबूत कीजिये: अमित शाह

****

गांधीनगर से श्रद्धेय श्री लालकृष्ण आडवाणी जी लंबे समय तक सांसद रहे। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी भी इस क्षेत्र से सांसद रहे। श्री पुरुषोत्तम गणेश मावलंकर जी भी इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते थे। यह मेरा सौभाग्य ही है कि आज मुझे पार्टी इस सीट से प्रत्याशी बनाने जा रही है: अमित शाह

****

मैं जनता के बीच में रहने वाला व्यक्ति हूँ। पार्टी ने मुझे लोक सभा चुनाव लड़ने की अनुमति दी है, इसके लिए मैं पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ: अमित शाह

****

2019 का लोक सभा चुनाव एक ही मुद्दे पर लड़ा जाने वाला है कि इस देश का नेतृत्व कौन करेगा? आज देश में मैं कहीं भी इस सवाल का जवाब देश की जनता से पूछता हूँ तो अरुणाचल प्रदेश से कन्याकुमारी तक और कामरूप से गांधीनगर तक हर जगह एक ही आवाज आती है - मोदी, मोदी, मोदी: अमित शाह

****

आजादी के 70 सालों से देश की जनता जिस नेता की राह देख रही थे, उन्हें वह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में दिखाई दे रहा है: अमित शाह

****

भारतीय जनता पार्टी विचारधारा की पार्टी है, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय और गरीब-कल्याण के सिद्धांतों पर आगे बढ़ने वाली पार्टी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पिछले पांच वर्षों में देश के 50 करोड़ गरीबों के जीवन में उजियारा लाने का दृढ़तापूर्वक प्रयास हुआ है: अमित शाह

****

आज देश के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि किसके नेतृत्व में और किसकी सरकार में देश सुरक्षित रह सकता है और इसका एक ही जवाब है और वह है - प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा नीत एनडीए की सरकार: अमित शाह

****

गांधीनगर लोक सभा क्षेत्र का विकास हम सभी भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता है। मैं माननीय श्री लालकृष्ण आडवाणी जी की विरासत को बड़ी विनम्रता के साथ तहे दिल से और बड़े परिश्रम के साथ आगे बढ़ाने का प्रयास करूंगा: अमित शाह

****

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पुनः केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने वाली है, राज्य में श्री विजयभाई रुपाणी और श्री नितिन भाई पटेल के नेतृत्व में भाजपा सरकार चल रही है जिसका एक ही लक्ष्य है - "सबका साथ, सबका विकास": अमित शाह

****

आज के दिन एनडीए और भारतीय जनता पार्टी के देश भर के वरिष्ठ नेता मुझे आशीर्वाद देने यहाँ आये हैं। मैं व्यक्तिगत रूप से और भारतीय जनता पार्टी की ओर से मैं उन सभी नेताओं का धन्यवाद करता हूँ। मैं गांधीनगर लोक सभा क्षेत्र के मतदाताओं को भी हृदय से धन्यवाद देता हूँ: अमित शाह

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज गुजरात के गांधीनगर लोक सभा क्षेत्र में नामांकन दाखिल किया। इसके पहले उन्होंने आज नारनपुरा (अहमदाबाद) में विशाल जनसभा को संबोधित किया और गुजरात की जनता से 26 की 26 सीटें भारतीय जनता पार्टी की झोली में पुनः डाल देने की अपील की। इसके पश्चात् उन्होंने होटल डी. आर. एच. से संट्रेक भाजी पाव तक एक भव्य रोड शो किया। **रोड शो के दौरान पूरा इलाका जनसैलाब और भाजपा के झंडों से पटा रहा। पूरा क्षेत्र 'फिर एक बार, मोदी सरकार' और 'मोदी...मोदी...' के नारों से गुंजायमान रहा। इस दौरान लोगों का उत्साह देखते ही बनता था। इस तरह का नजारा अभूतपूर्व था।**

पूरे कार्यक्रम के दौरान एनडीए के तमाम बड़े नेता, केन्द्रीय मंत्रीगण, गुजरात के मुख्यमंत्री एवं उप-मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। विजय संकल्प रैली, रोड शो और नामांकन में अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री श्री प्रकाश सिंह बादल जी, गृह मंत्री और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजनाथ सिंह जी, केंद्रीय वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली जी, केंद्रीय परिवहन मंत्री एवं भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन गडकरी जी, शिव सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री उद्धव ठाकरे जी, लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राम विलास पासवान जी और गुजरात के मुख्यमंत्री श्री विजयभाई रुपाणी जी और उप-मुख्यमंत्री श्री नितिनभाई पटेल जी के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी के कई गणमान्य नेता उपस्थिति रहे।

नारनपुरा (अहमदाबाद) में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि आज जब मैं नारनपुरा के सरदार पटेल कॉलोनी की सड़क पर खड़ा हूँ तो मुझे अनायास ही 1982 के दिन याद हो आते हैं जब मैंने भारतीय जनता पार्टी के एक कार्यकर्ता के नाते इसी नारनपुरा के एक बूथ अध्यक्ष के रूप में अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की थी और आज मुझे पार्टी ने विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि **आज मुझे आशीर्वाद देने हमारे कई वरिष्ठ नेता यहाँ उपस्थित हुए हैं और उन्होंने मेरे बारे में कई अच्छी बातें कही हैं लेकिन मैं सभी वरिष्ठ नेताओं से निवेदन करते हुए कहना चाहता हूँ कि मेरे पूरे जीवन में से यदि भारतीय जनता पार्टी को निकाल दें, तो केवल और केवल**

शून्य ही बचता है और कुछ नहीं। उन्होंने कहा कि **अपने जीवन में जो कुछ भी मैंने प्राप्त किया, जो कुछ भी सीखा और जो कुछ भी देश और पार्टी को देने का प्रयास किया, यह सभी भारतीय जनता पार्टी की ही देन है।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **गांधीनगर संसदीय क्षेत्र से श्रद्धेय श्री लालकृष्ण आडवाणी जी लंबे समय तक सांसद रहे। श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी भी इस क्षेत्र से सांसद रहे। श्रद्धेय श्री पुरुषोत्तम गणेश मावलंकर जी भी इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते थे। यह मेरा सौभाग्य ही है कि आज मुझे भारतीय जनता पार्टी इस सीट से प्रत्याशी बनाने जा रही है।** मैं इसी क्षेत्र से पांच बार विधायक रहा हूँ और 25 वर्षों तक यहाँ की जनता के आशीर्वाद से चुनावी राजनीति सफलतापूर्वक की है। उन्होंने कहा कि **मैं जनता के बीच में रहने वाला व्यक्ति हूँ। पार्टी ने मुझे लोक सभा चुनाव लड़ने की अनुमति दी है, इसके लिए मैं पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ।**

श्री शाह ने कहा कि **2019 का लोक सभा चुनाव एक ही मुद्दे पर लड़ा जाने वाला चुनाव है कि इस देश का नेतृत्व कौन करेगा? आज देश में मैं कहीं भी इस सवाल का जवाब देश की जनता से पूछता हूँ तो अरुणाचल प्रदेश से कन्याकुमारी तक और कामरूप से गांधीनगर तक हर जगह एक ही आवाज आती है - मोदी, मोदी, मोदी...।** आखिर पांच ही वर्ष में यह विश्वास देश की जनता में कैसे और क्यों बना है? गुजरात के मुख्यमंत्री बनने से पहले जिन्होंने गाँव के प्रधान का भी चुनाव नहीं लड़ा था, आज वे पूरे देश की जनता के लाडले क्यों बने हुए हैं? ऐसा इसलिए क्योंकि **आजादी के 70 सालों से देश की जनता जिस नेता की राह देख रही थे, उन्हें वह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में दिखाई दे रहा है।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **भारतीय जनता पार्टी एक विचारधारा की पार्टी है, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय और गरीब-कल्याण के सिद्धांतों पर आगे बढ़ने वाली पार्टी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पिछले पांच वर्षों में देश के 50 करोड़ गरीबों के जीवन में उजियारा लाने का दृढ़तापूर्वक प्रयास हुआ है।** उन्होंने कहा कि माननीय श्री राजनाथ सिंह जी ने एयर स्ट्राइक और सर्जिकल स्ट्राइक की बात की। **आज देश के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि किसके नेतृत्व में और किसकी सरकार में देश सुरक्षित रह सकता है और इसका एक ही जवाब है और वह है - प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा नीत एनडीए की सरकार।**

श्री शाह ने कहा कि **श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी पुनः भारी बहुमत देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं, यह निश्चित है लेकिन मैं गुजरात की जनता से करबद्ध प्रार्थना करते हुए अपील करता हूँ कि आप राज्य की सभी 26 की 26 सीटें भारतीय जनता पार्टी की झोली में डाल दीजिये और अपने बेटे श्री नरेन्द्र मोदी के हाथ मजबूत कीजिये।**

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि गांधीनगर लोक सभा क्षेत्र की जनता को भी मैं आश्वस्त करते हुए कहना चाहता हूँ कि **गांधीनगर लोक सभा क्षेत्र का विकास हम सभी भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता है।** गांधीनगर क्षेत्र पूरे देश में सबसे विकसित क्षेत्र में से एक है। **मैं माननीय श्री लालकृष्ण आडवाणी जी की विरासत को बड़ी विनम्रता के साथ तहे दिल**

से और बड़े परिश्रम के साथ आगे बढ़ाने का प्रयास करूंगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पुनः केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने वाली है, राज्य में श्री विजयभाई रुपाणी और श्री नितिन भाई पटेल के नेतृत्व में भाजपा सरकार चल रही है जिसका एक ही लक्ष्य है - "सबका साथ, सबका विकास"।

श्री शाह ने कहा कि **आज के दिन एनडीए और भारतीय जनता पार्टी के देश भर के वरिष्ठ नेता मुझे आशीर्वाद देने यहाँ आये हैं। मैं व्यक्तिगत रूप से और भारतीय जनता पार्टी की ओर से मैं उन सभी नेताओं का धन्यवाद करता हूँ। मैं गांधीनगर लोक सभा क्षेत्र के मतदाताओं को भी हृदय से धन्यवाद देता हूँ।** सभा में उपस्थित जनसैलाब ने 'फिर एक बार, मोदी सरकार' के गगनभेदी नारे लगाए। नारनपुरा की सभा में माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमितभाई शाह के पहले श्री प्रकाश सिंह बादल जी, श्री राजनाथ सिंह जी, श्री नितिन गडकरी जी, श्री उद्धव ठाकरे जी, श्री रामविलास पासवान जी और मुख्यमंत्री श्री विजयभाई रुपाणी जी ने भी संबोधित किया और प्रचंड बहुमत से केंद्र में 'फिर एक बार, मोदी सरकार' के गठन का संकल्प व्यक्त किया।

(महेंद्र पांडेय)

कार्यालय सचिव